बिहार 2025 में खेलो इंडिया यूथ गेम्स और पैरा गेम्स की मेज़बानी करेगा

चर्चा में क्यों?

बिहार 2025 में खेलो **इंडिया यूथ गेम्स (KIYG)** और **खेलो इंडिया पैरा गेम्स (KIPG)** **की मेज़बानी करेगा।**

मुख्य बिंदु

- **खेलो इंडिया युवा खेल:**
- **परिचय:**
  - KIYG भारत में स्कूल और कॉलेज के छात्रों के लिये एक **राष्ट्रीय स्तर की बहु-विषयक खेल प्रतियोगिता है।**
  - ये खेल प्रतिवर्ष जनवरी या फरवरी में आयोजित किये जाते हैं और ये सरकार की **खेलो इंडिया पहल** का हिस्सा हैं।
  - इसका उद्देश्य खेल संस्कृति को बढ़ावा देना और ज़मीनी स्तर पर खेल प्रतिभाओं की पहचान करना है।
  - युवा खेलों के पिछले 5 संस्करण **दिल्ली, पुणे, गुवाहाटी, पंचकुला और भोपाल में आयोजित किये गए हैं।**
- **प्रारूप:**
  - यह दो श्रेणियों में आयोजित किया जाता है अर्थात् **17 वर्ष से कम आयु के स्कूली छात्र और 21 वर्ष से कम आयु के कॉलेज छात्र।**
  - यह **टीम चैम्पियनशिप प्रारूप में संचालित होता है,** जिसमें व्यक्तिगत एथलीटों या टीमों द्वारा अर्जित पदक उनके संबंधित राज्य या केंद्र शासित प्रदेश (UT) की समग्र पदक तालिका में योगदान करते हैं।
  - प्रतियोगिता के समापन पर, **सबसे अधिक स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले राज्य या केंद्र शासित प्रदेश को** विजेता घोषित किया जाता है।
- **खेलो इंडिया पैरा गेम्स:**
  - खेलो इंडिया पैरा गेम्स (KIPG) का **उद्देश्य भारत में पैरा एथलीटों को सशक्त बनाना है।**
  - इसका आयोजन **युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारतीय खेल प्राधिकरण और अन्य निकायों द्वारा किया जाता है।**
  - यह व्यापक **खेलो इंडिया पहल का हिस्सा है।**
    - खेलो इंडिया की **शुरुआत भारत सरकार द्वारा वर्ष 2017 में की गई थी।**
- **बिहार में खेल अवसंरचना:**
  - बिहार में **38 खेलो इंडिया केंद्र** और **एक खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्र हैं,** जो विभिन्न स्तरों पर एथलीटों के लिये सुविधाएँ प्रदान करते हैं।
  - राज्य की खेल संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये **भारतीय खेल प्राधिकरण के** तीन प्रशिक्षण केंद्र हैं।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bihar-to-host-khelo-india-youth-games-s-para-games-in-2025